संक्षिप्त

भाजपा का स्थापना दिवस आज

बांसवाड़ा(निसं)। भाजपा का स्थापना दिवस आज सोमवार प्रात: 7 बजे जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी की अध्यक्षता में मनाया जायेगा। मुख्य वक्ता सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर होंगे। जिला संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राव ने बताया कि स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष गायरी ध्वजारोहण करेंगे वहीं पार्टी के नींव के पत्थर रहे वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत व सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, पुर्व जिला पदाधिकारी, राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चो के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

अंबेडकर जयंती 14 को

बांसवाड़ा (निसं)। आदिवासी आरक्षण मंच की उपाध्याय पार्क में हुई बैठक में आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। प्रात: 9 बजे डायलाब पर सभा के बाद बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। जिला सहसंयोजक नवीन खराड़ी ने बताया कि बैठक में आदिवासी आरक्षण मंच, अनुसूचित क्षेत्र की केन्द्रीय कमेटी के सलाहकार प्रो.कमलकांत कटारा, अजा-जजा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिला महासचिव सुरेन्द्र निनामा, आदिवासी आरक्षण मंच, अनुसूचित क्षेत्र, जिला सहसंयोजक राजेन्द्र पटेल, प्रमोद डामोर जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहनलाल कटारा, विनोद पटेल, बलवन्त सिंह मछार, आशीष पारगी, राकेश पारगी, विनोद सिंगाड़ा, कल्पेश खराड़ी, गणपतलाल डामोर, गणेशलाल डामोर, झालेश्वर चरपोटा, हरेन्द्र मसार, गुरमीत चरपोटा, मुकेश कटारा, मुकेश डामोर, मीठालाल रावत, गोविंद खांट आदि मौजूद रहे।

छगनलाल अध्यक्ष बने

बांसवाड़ा(निसं)। जिला बुनकर समाज विकास संस्थान की बैठक जानामेडी स्थित जिला बुनकर समाज छात्रावास में जिलाध्यक्ष ललित कमाल की अध्यक्षता तथा छगनलाल बुनकर के मुख्य आतिथ्य में हुई। मुख्य वक्ता भगवती लाल बुनकर ने समाज हित में शिक्षा एवं रोजगार को बढावा देने, बालिका शिक्षा, विभिन्न प्रकार की कुरितियो को हटाकर नवाचार को प्राथमिकता से लागू करने तथा छगनलाल बुनकर ने सभी को साथ लेकर समाज में विभिन्न क्षेत्रों में विकास पर बल दिया।

हिन्दुस्तान जिंक के शिक्षा संबल कार्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों का उत्कृष्ट रहा परिणाम

उदयपुर, (निसं)। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा छात्रों के लिए चलाये जा रहे शिक्षा संबल कार्यक्रम के विद्यार्थियों का राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं एवं बारहवीं कक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। वर्तमान में इस कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 13 हजार विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

हाल ही में घोषित माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं के परिणामों में 92.53 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिनमें से 39 प्रतिशत प्रथम श्रेणी प्राप्त है। 76 राजकीय विद्यालयों में से 37 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष के परिणामों की उपलब्धि शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत छात्राओं का परिणाम है जिसमें कुल 137 छात्राओं ने 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं जो कि गार्गी पुरस्कार के लिए पात्र होंगी। यह एक प्रतिष्ठित सम्मान है जो राजस्थान में छात्राओं की शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाता है। इसी प्रकार हाल ही में घोषित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजों में 99.43 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 86.36 प्रतिशत ने प्रथम श्रेणी हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2016 में शिक्षा संबल कार्यक्रम शुरू होने के बाद से कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 67 प्रतिशत से बढ़कर 92.53 प्रतिशत हो गया है, जो कि 38 प्रतिशत अधिक है। कक्षा 10वीं के लिए प्रथम श्रेणी में पास होने वाले छात्रों का प्रतिशत 2016 में 14 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 39 प्रतिशत हो गया है।

हिन्दुस्तान जिंक के शिक्षा संबल कार्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों का उत्कृष्ट रहा परिणाम

- हाल ही में घोषित माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं के परिणामों में 92.53 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिनमें से 39 प्रतिशत प्रथम श्रेणी प्राप्त है। 76 राजकीय विद्यालयों में से 37 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत, हिंदुस्तान जिंक राजकीय विद्यालयों को अतिरिक्त शिक्षक, सीखने की सामग्री और विशेष रूप से विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों में शैक्षणिक सहायता दे रहा है। इस कार्यक्रम को वंचित समुदायों के छात्रों के बीच सीखने के नतीजों को मजबूत करने और शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। छात्रों के सीखने के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, यह कार्यक्रम केंद्रित शैक्षणिक उपायों के माध्यम से वैचारिक स्पष्टता और अनुभवात्मक शिक्षा को भी बढ़ावा देता है। हाल ही में, हिंदुस्तान जिंक ने राजस्थान और उत्तराखंड में चार इमर्सिव स्टेम विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित हेतु लैब भी स्थापित की हैं, जिनका उद्देश्य कक्षाओं को ज्यादा इंटरैक्टिव, आकर्षक, प्रौद्योगिकी-सक्षम और नवाचार-आधारित बनाना है। शिक्षा संबल कार्यक्रम 2016 में हिंदुस्तान जिंक द्वारा शुरू किया गया जो कि शिक्षा के क्षेत्र में कंपनी की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है। क्रियान्वयन पार्टनर विद्या भवन के साथ साझेदारी में लागू किए गए इस कार्यक्रम ने कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए शैक्षणिक सहायता का एक मजबूत तंत्र तैयार किया है, जिससे सामुदायिक जुड़ाव भी बढ़ा है। यह पहल वर्तमान में कंपनी के व्यावसायिक संचालन वाले 6 जिलों - उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, और अजमेर में संचालित है।

'गौ माता में 33 कोटी देवी देवताओं का वास है'

डूंगरपुर, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन प्रदेश ब्रांड एंबेसडर और पूर्व सभापति श्री के के गुप्ता की प्रेरणा से और रोटी बैंक के तत्वाधान में डूंगरपुर नगर में घूम कर गौ माता और पक्षियों के लिए दाना, चारा, भोजन आदि एकत्र करने हेतु एक गौ ग्रास वाहन का लोकार्पण किया गया। पं. गीतेश पंड्या द्वारा वाहन का पूजन किया गया।

- गौ ग्रास वाहन का लोकार्पण किया, शहर में घूम कर एकत्र किया जाएगा गाय के लिए रोटी एवं पक्षियों के लिए दाना

गुप्ता ने बताया कि गौ माता में 33 हजार देवी देवताओं का वास होता है और गाय के लिए भोजन का सहयोग देकर हम पुण्य के भागीदार बन सकते हैं पिछले 8 सालों से रोटी बैंक निरंतर गरीब को निशुल्क भोजन उपलब्ध करा रही है तथा कॉविड जैसी महामारी में रोटी बैंक ने निरंतर सेवाएं देकर आमजन को भोजन उपलब्ध कराया जाता है जहां पर आज भी 3100 रु में रोटी बैंक में जमा करा उस दिन का भोजन उस व्यक्ति के नाम से भी भोजन कराया जाता है उसी के निमित्त यह प्रयास किया जा रहा है कि हर व्यक्ति धर्म के नाम रोटी एवं पक्षियों के लिए दाना निकाले जिसे घर-घर जाकर एकत्रित किया जाएगा यह सेवा शहर के लोगों द्वारा पुण्य कमाने के लिए प्रारंभ की गई है आप सभी इसमें बढ-चढकर अपना सहयोग करें। इस वाहन में गौ माता के लिए हरा चारा, ताजा सब्जियां और रोटियां और पक्षियों के लिए दाना का सहयोग दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर यह गौ ग्रास वाहन आजाद नगर का आंशिक भाग, सिंधी कॉलोनी, बैंकर्स स्ट्रीट, ब्रह्मस्थली कॉलोनी, प्रताप नगर का आंशिक भाग, पत्रकार कॉलोनी, शिवाजी नगर और शास्त्री कॉलोनी होते हुए भंडारिया क्षेत्र में स्थित गौशाला पहुंचेगा। इसके पश्चात आने वाले समय में वाहनों की संख्या में वृद्धि की जाएगी जो पूरे डूंगरपुर नगर में भ्रमण करेगा और गौ माता के लिए भोजन संग्रहण किया जाएगा कार्यक्रम में नगर के प्रमुख समाजसेवी रमेश वरियानी, प्रभु लाल पटेल, मुकेश श्रीमाल, प्रवीण श्रीमाल, चिराग व्यास, विजय जोशी, अमित टेलर आदि उपस्थित रहे।

उदयसागर बांध की नहरों एवं बागोलिया फीडर निर्माण कार्य का निरीक्षण

उदयपुर, (निसं)। राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित उदयसागर बांध की नहरों एवं बागोलिया फीडर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता वीरेंद्र सिंह सागर ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसी को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने, निर्माण सामग्री की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा कार्य को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि मावली क्षेत्र में सिंचाई से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु बागोलिया फीडर का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना पूर्ण होने पर लगभग 17 गांवों की 3676 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में भी सुधार होगा। इसके साथ ही जेआईसीए द्वारा वित्त पोषित उदयसागर बांध की नहरों के जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से रबी सिंचाई के दौरान नहरों में हो रहे सीपेज में कमी आएगी तथा टेल एंड तक समय पर जल उपलब्ध हो सकेगा। अतिरिक्त मुख्य अभियंता ने कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने एवं कार्य की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता मोहित पाटीदार, कनिष्ठ अभियंता अजय सिंह गुर्जर एवं कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



उदयपुर के उदयसागर बांध की नहरों एवं बागोलिया फीडर के निर्माण कार्यों का अतिरिक्त मुख्य अभियंता वीरेन्द्र सिंह सागर ने निरीक्षण किया।

उदयपुर में 105 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से हुई परीक्षा

उदयपुर, (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर आयोजित उपनिरीक्षक - प्लाटुन कमाण्डर प्रतियोगी परीक्षा- 2025 रविवार को उदयपुर जिले के 105 केंद्रों पर जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक डॉ अमृता दुहन के निर्देशन में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के पहले दिन दो पारियों में कुल 54.79 प्रतिशत उपस्थिति रही। सोमवार को भी दो पारियों में परीक्षा होगी।

- पहले दिन दो पारियों में 54.79 प्रतिशत रही उपस्थिति

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन एवं परीक्षा समन्वयक दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि परीक्षा की पहली पारी सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक हुई। इसमें 105 परीक्षा केंद्रों पर कुल पंजीकृत 33 हजार 157 अभ्यर्थियों में से 18 हजार 223 ने परीक्षा दी। पहली पारी में 14 हजार 934 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी पारी अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक रही। इसमें कुल 33157 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 18 हजार 125 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। दूसरी पारी में 15 हजार 32 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पारियों में मिलाकर कुल 54.79 प्रतिशत उपस्थित दर्ज की गई। राठौड़ ने बताया कि सोमवार को भी जिले के 105 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में परीक्षा आयोजित होगी।

उदयपुर संभाग में भाजपा स्थापना दिवस आज से विभिन्न आयोजन

उदयपुर, (का.स..)। उदयपुर संभाग में भाजपा स्थापना दिवस पर सोमवार से होंगे भव्य आयोजन उक्त कथन के साथ स्थापना दिवस संयोजक टोली में सह संयोजक एवं प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ प्रमोद सामर ने कहा कि संभाग के सातों जिले उदयपुर शहर,उदयपुर देहात, डूंगरपुर, बांसवाडा, राजसमंद, चित्तौडगढ एवं प्रतापगढ में आयोजित जिला कार्यशालाओं के माध्यम से मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक स्थापना दिवस हेतु टोलियों का निर्माण एवं कार्य विभाजन तथा दायित्व के साथ व्यापक बैठकों का दौर संपन्न हो चुका हैं।

सामर ने बताया कि वर्चुअल बैठकों के साथ.साथ समस्त 7 जिलों में जिला कार्यशाला के माध्यम से 5से 7 अप्रैल तक कार्यालय पर विद्युत व्यवस्था एवं पूर्व संध्या पर महापुरुषों को पुष्पांजलि के साथ प्रारंभ यह कार्यक्रम सोमवार प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण, व्याख्यान,मिष्ठान वितरण, बैंड बाजों की मधुर लहरियों के साथ देशभक्ति गीत,संगठन गीत, राष्ट्र गान, राष्ट्र गीत, संपन्न होंगे इसके अतिरिक्त आतिशबाजी परंपरागत वेश.से लेकर अनेकों.अनेक कार्यक्रम होंगे। सोमवार प्रात: अपने अपने निवास स्थान एवं प्रतिष्ठान पर ध्वज फहराना तथा बूथ स्तर तक की बैठक उत्सव के रूप में मंडल स्तर तक मनाई जाएगी।

आपणों खेत-आपणी खाद अभियान आज स

उदयपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी ऋम में प्रदेश में मिट्टी की उर्वरक शक्ति को पुनर्जीवित करने और रासायनिक खादों पर किसानों की निर्भरता कम करने के उद्देश्य से एक विशेष राज्यव्यापी अभियान आपणों खेत-आपणी खाद प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 6 अप्रैल से 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इस संबंध में कृषि आयुक्तालय, जयपुर द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी जिलों के अधिकारियों को अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उदयपुर जिले में जिला प्रशासन के निर्देशन में कृषि विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। इस अभियान के जरिए सरकार का लक्ष्य है कि किसान रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में देशी खाद (कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट) और जैव उर्वरकों का उपयोग बढ़ाएं। मिट्टी के गुणों में सुधार के लिए ढैंचा, ग्वार और चंवला जैसी हरी खाद के प्रयोग को प्रोत्साहन मिले। इसके अलावा खेतों में फसल अवशेषों को जलाने के बजाय

- जिलों के अधिकारियों को अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, उदयपुर जिले में जिला प्रशासन के निर्देशन में कृषि विभाग ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं

उनके उचित प्रबंधन के लिए जागरूक करना, प्राकृतिक खेती की विधियों जैसे बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत और पंचगव्य को बढ़ावा देना भी प्रमुख उद्देश्य है। अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कृषक गोष्ठियां, रात्रि चौपाल और प्रभात फेरियां आयोजित की जाएंगी। इसमें स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों और संस्थाओं को भी जोड़ा जाएगा। सरकार ने हरी खाद को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस योजना तैयार की है। इसके तहत लघु और सीमांत, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के किसानों को 0.2 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए करीब 1 लाख ढैंचा और ग्वार के बीज किट वितरित किए जाएंगे।

भारतीय टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक का एमपीएमएससी दौरा, युवा क्रिकेटरों को दिए मंत्र

नाथद्वारा, (निसं)। जमीनी स्तर पर क्रिकेट के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने रविवार को मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर (एमपीएमएससी) का दौरा किया। अपने दौरे की शुरुआत में कोटक ने पूरे स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं, प्रशिक्षण ढांचे और खेल वातावरण की सराहना की। उन्होंने एमपीएमएससी को एक उभरते हुए हाई-परफॉर्मेंस क्रिकेट सेंटर के रूप में देखा, जहां भविष्य के खिलाडयिों को बेहतर अवसर मिल सकते हैं।

इसके बाद उन्होंने एमपीएमएससी क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे युवा क्रिकेटरों से मुलाकात की। इस दौरान

- स्टेडियम निरीक्षण कर, यहां उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं, प्रशिक्षण ढांचे और खेल वातावरण की सराहना की

कोटक ने अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव साझा करते हुए खिलाडयिों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और मानसिक मजबूती के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में सफलता के लिए मजबूत बुनियाद, धैर्य और लगातार मेहनत बेहद जरूरी है। उन्होंने खिलाडयिों को प्रक्रिया पर भरोसा रखने और लंबे समय तक समर्पित रहने की सलाह दी। दौरे के दौरान चंद्रपाल सिंह (हेड कोच, एमपीएसएससी क्रिकेट अकादमी के साथ कोटक की तकनीकी चर्चा भी हुई। इस चर्चा में आधुनिक कोचिंग तकनीकों, खिलाडयिों के समग्र विकास, और संरचित प्रशिक्षण प्रणाली पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मिराज ग्रुप के चेयरमैन मदन पालीवाल एवं वाइस चेयरमैन मंत्रराज पालीवाल से भी कोटक की मुलाकात हुई। इस दौरान क्षेत्र में क्रिकेट के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को लेकर साझा दृष्टिकोण पर चर्चा की गई।

भारतीय टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने नाथद्वारा स्थित एमपीएमएससी दौरा कर युवा क्रिकेटरों को टिप्स दिए।

सार-समाचार

सुखाड़िया विवि के पीछे वाले गेट पर पांच दिन पुराना शव झाड़ियों में पडा मिला

उदयपुर, (का.स..)। रविवार को प्रतापनगर थाना क्षेत्र में न्यू आरटीओ रोड स्थित मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी के पीछे वाले गेट के सामने एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। करीब 5 दिन पुराना बताया जा रहा शव झाडयिों के बीच पडा मिला। जानकारी के अनुसार आसपास गुजरने वाले लोगों को तेज बदबू महसूस हुई। बदबू इतनी तेज थी कि आसपास एरिया तक फैल रही थी।राहगीरों ने पास जाकर देखा तो सडा गला शव दिखाई दिया। सूचना पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। इतने में आसपास लोगों की भारी भीड जमा हो गई। पुलिस ने शव को एमबी हॉस्पिटल मोर्चरी में रखवाया गया। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। थाना अधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि देखने से करीब 5 से 6 दिन पुराना शव लग रहा है। जिसमें से तेज बदबू आ रही थी। मृतक व्यक्ति कौन है और उसकी मौत कैसे हुई। पुलिस इस बारे में जांच कर रही है।

लेपर्ड बाडे में घुसकर 4 बकरियों को मार साथ ले गया

उदयपुर, (का.स..)। उदयपुर जिले के ऋषभदेव में उगमणा कोटडा पंचायत के कदवाल गांव में लेपर्ड ने बाडे में बंधी चार बाकरियों का शिकार कर मार डाला। घटना शनिवार देर रात की है। लेपर्ड एक बकरी को मारकर साथ ले गया। जबकि तीन बकरियां बाडे में ही मृत मिली। शव देखकर लग रहा है कि लेपर्ड ने बकरियों की गर्दन को जबडे से दबाकर मारा।सुबह जब मालिक सुरेश मीणा जागे और बाडे की तरफ जाकर देखा तो वह हैरान रह गए। उनका कहना था कि उनकी आर्थिक स्थिति कृषि और पशुपालन पर निर्भर है लेकिन चारों बकरियों के शिकार से उन्हें गहरा झटका लगा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी दो बार घर के आसपास लेपर्ड नजर आ चुका है।सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार किया। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। ग्रामीणों के लिए रात के समय अकेले बाहर निकलना और बाडे में पशुओं को सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया है। उन्होंने वन विभाग से पिंजरा लगाकर लेपर्ड को पकडने की मांग की है। बतादें कि आसपास पहाडी और जंगल होने से यहां लेपर्ड का खासा मूवमेंट है।

शिविर में 80 रक्त वीरों ने किया रक्तदान

उदयपुर, (का.स..)। ब्लड हेल्प सोसाइटी त्रिशला जागृति मंच एवं नर्सेज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सूरजपोल स्थित वासुपूज्य धर्मशाला मैं एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 80 रक्त वीरों ने अपने रक्त का दान किया और आगे भी रक्तदान का संकल्प लिया। ब्लड हेल्प सोसाइटी के पंकज जैन ने बताया कि इस विशाल रक्तदान शिविर के उद्घाटनकर्ता एवं मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया थे। इस अवसर पर शहर विधायक ताराचंद जैन ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राहुल जैन महाराणा भूपाल चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ आर.एल.सुमन एवं महिला बैंक की अध्यक्ष डॉ. किरण जैन थे।

निम्बाहेड़ा में दिवाकर भवन पर होगा सामूहिक जाप

निम्बाहेड़ा(निसं)। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा 9 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को विश्व नवकार महामंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की भावना से भारत सहित 108 देशों के लाखों श्रद्धालु एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करेंगे। जीतो जेटीआर की नेशनल कोर कमेटी के सदस्य कमलेश ढेलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व होगा। कार्यक्रम का 6000 से अधिक स्थानों से सीधा प्रसारण किया जाएगा, वहीं 100 से अधिक स्थानों पर नवकार महामंत्र से जुड़े मेगा इवेंट आयोजित होंगे। निम्बाहेड़ा में आदर्श कॉलोनी स्थित दिवाकर भवन में 9 अप्रैल को प्रात: 8:01 बजे से 9:36 बजे तक सकल जैन समाज के तत्वावधान में सामूहिक नवकार महामंत्र जाप आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही नगर के आसपास के कस्बों एवं गांवों-शंभूपुरा, सतखंडा, मांगरोल, अरनोदा, गादोला, बाड़ी, बिनोता एवं लसडावन सहित अन्य क्षेत्रों में भी श्रद्धालु एकत्र होकर सामूहिक जाप करेंगे। जीतो निम्बाहेड़ा इकाई के सदस्य वीरेश चपलोत, ललित पारख, मनोज पारख, जय सिंघवी, पवन ढेलावत, लोकेश राठौड़, सुरेंद्र मारू, वीरेश बोडाणा एवं के. एम. जैन ने सभी धर्मप्रेमियों से इस पावन, मंगलकारी एवं कल्याणकारी आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

सुचारू एवं निर्बाध पेयजल उपलब्धता के लिये किया फील्ड निरीक्षण

बांसवाड़ा(निसं)। ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर आमजन एवं पशुधन को सुचारू एवं निर्बाध पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाकर व्यापक स्तर पर फील्ड निरीक्षण किया। जिले की पंचायत समितियों में उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने समन्वित रूप से प्रत्येक क्षेत्र में 2-2 ग्राम पंचायतों का सघन निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्थाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया।

363 करोड की लागत से सिक्सलेन हाईवे पर बनेगी लिवेटेड रोड

उदयपुर, (का.स..)। उदयपुर जिले के खेरवाडा कस्बे के बीच से गुजरने वाले नेशनल हाईवे.48 पर अब जाम नहीं लगेगा है। केंद्र सरकार ने खेरवाडा कस्बे में एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। उदयपुर सांसद रावत की पैरवी के बाद ही नितिन गडकरी ने इस पर सर्वे करवाया और आखिरकार शनिवार को बजट जारी कर दिया।

इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 363.89 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस बजट को फाइनल कर दिया है जिसके बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।खेरवाडा के लोगों के लिए यह प्रोजेक्ट इसलिए भी अहम है क्योंकि नेशनल हाईवे.48 का उदयपुर. रतनपुर. शामलाजी सेक्शन काफी व्यस्त रहता है। भारी ट्रक और तेज रफ्तार गाडयिां शहर के बीच से ही निकलती हैं। इसकी वजह से कस्बे के लोगों को सडक पार करने या बाजार में अपनी गाडी लेकर निकलने में काफी डर लगता था।एलिवेटेड कॉरिडोर बनने के बाद आगे हाईवे का सारा ट्रैफिक शहर के ऊपर से निकल जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत सालोर, पंचायत समिति देलवाडा, जिला-राजसमन्द (राजस्थान)

क्रमांक/प.ग्रा./लेखा(निविदा)/2025-26/101 दिनांक 2.4.2026

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सालोर में निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठन में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निविदाएं दिनांक 09.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है। संवेदक प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in से शर्तें एवं पूर्ण विवरण वेबसाइट से प्राप्त कर सकेंगे साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड/कार्यालय में कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

UBN- ZRR2627WSOB00003

प्रशासक	ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सालोर	ग्राम पंचायत सालोर
पं.स., देलवाड़ा, जिला राजसमन्द	पं.स., देलवाड़ा, जिला राजसमन्द